## सार-समाचार

### जालोर में हारून खान का स्वागत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाना में अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हारून खान के हज यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार को जालोर आगमन पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ जालोर शाखा की ओर से जिला अध्यक्ष रमजान खान के नेतृत्व में उनका साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इनके साथ आए लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू, टोडाभीम प्रधान मुकेश मीणा, समाजसेवी उस्मान खा ब्यावर , जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एजाज अहमद , मौलाना गुलाम अली का भी महासंघ की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव फिरोज अली, जिला सचिव फिरोज खान, जिला उपाध्यक्ष फिरोज खान मेहर, नईमुद्दीन मेहर, जाहिद खान, जान शेर खान, अब्दुल रज्जाक पूर्व पार्षद आदि मौजूद थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमजान खान ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष हारून खान द्वारा हज के अरकान पूर्ण कर वतन वापसी पर खुशी जाहिर की गई। उन्हे अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया । वही महासंघ के प्रदेश सचिव शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर का कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर महासंघ की ओर से प्रदेशाध्यक्ष हारून खान ने साफा माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हज यात्रा के दौरान मक्का मदीना में इबादत कर देश में अमन चैन शांति भाईचारे की दुआ की और देश के खुशहाली के लिए दुआ मांगी। वही प्रदेश अध्यक्ष ने महासंघ पर भी चर्चा की गई।

### अवैध अफीम सहित एक जना पकड़ा

**जालोर**, (कासं)। पुलिस थाना भीनमाल एवं एएनटीएफ टीम ने शुक्रवार को 938 ग्राम अवैध मादक पदार्थ निर्मित अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरपतार किया। जिला पुलिस अधीक्षक, जालौर के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्री मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला जालौर एवं शंकरलाल मंसुरीया पुलिस उप अधीक्षक वृताधिकारी वृत भीनमाल के सुपरविजन में राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी भीनमाल के नेतृत्व में पुलिस टीम को एएनटीएफ टीम द्वारा सूचनानुसार जुठाराम पुत्र करनाराम देवासी, उम्र 48 साल, निवासी जेरण के रहवासीय ढाणी पर दबिश देकर नियमानुसार तलाशी ली गई तो घर में बने रसोई घर में प्लास्टिक की थैलीयों में निर्मित अफीम भरा हुआ मिला, जिस पर तीन प्लास्टिक की थैलीयों की नियामानुसार तलाशी ली गई तो कुल 938 ग्राम अवैध मादक पदार्थ निर्मित अफीम होना पाया जाने पर बरामद किया गया, आरोपी जुठाराम पुत्र करनाराम देवासी, उम्र 48 साल, निवासी जेरण को गिरफतार किया गया। मुलजिम के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर प्रकरण पंजिबद्ध कर अन्वेषण थानाधिकारी पुलिस थाना बागोडा द्वारा किया जा रहा हैं।

### राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी, जालोर की ओर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस शुक्रवार को जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके नेतृत्व में देश में सामाजिक समरसता, युवाओं के सशक्तिकरण एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, रमेश सोलंकी, जुल्फिकार अली भुट्टो,आहोर ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह डोडियाली, नगराध्यक्ष मुमताज अली, जैसाराम, सी.एल. गहलोत, सुष्मिता गर्ग, कामिनी शर्मा, आम सिंह परिहार, देवाराम सांखला, बस्तीमल चौहान, राजेश बालोटिया, सुरेश मेघवाल, मिश्रीमल गहलोत, मांगीलाल चौधरी, महेंद्र सोनगरा, कृष्ण कुमार वनिका, अनिल पंडित, अमीन मोयला, जोगाराम सरगरा, बंशीलाल माली, ओमप्रकाश चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### जोगाराम ने कोडुका गांव में सांत्वना दी

**बालोतरा**, (निसं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार को बालोतरा जिले के कोडुका गांव पहुंचे। उन्होंने 16 जून को भीषण सडक दुर्घटना में स्व. रेखाराम, स्व. उदाराम, स्व. विशनाराम और स्व. जोगाराम के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। संसदीय कार्य मंत्री ने शोक संतप्त पिता श्री भंवरलाल मेघवाल और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा एक ही परिवार के चार युवाओं का चले जाना एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। इस असीम दुःख की घडी में मेरी संवेदनाएं पीडति परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा संकट की इस घडी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पीडति परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान बालाराम मूंढ, श्री भरत मोदी साथ रहे।

### सड़क मरम्मत व सांकेतिक बोर्ड लग रहे

**रेवदर** , (निसं)। रेवदर तहसील क्षेत्र में बढती दुर्घटनाओं को देखते हुए उपखंड अधिकारी राजन लोहिया के निर्देश अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रेवदर तहसील क्षेत्र की सडकों पर झाडी कटिंग सडक पटरी मरम्मत खड्डे भरने का कार्य सडक मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। एईएन अर्जुन देवासी ने बताया कि मानसून पूर्व समस्त सडकों पर झाडी कटिंग का कार्य का अभियान तेजी से हो रहा है और आगे भी जारी रहेगा। समस्त गारंटी अवधि सडकों का मरम्मत कार्य संबंधित ठेकेदारों द्वारा नॉन डीएलपी फर्मों मरम्मत कार्य विभागीय मद से करवाया जा रहा है। एसडीएम रेवदर राजन लोहिया ने बताया कि रेवदर क्षेत्र में बढती हुई सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए रेवदर क्षेत्र की समस्त सड्कों की झडी कटिंग पटरी मरमत सडक पर पडे हुए खडे एवं जगह-जगह सांकेतिक बोर्ड लगाने को निर्देशित किया है। इसकी पालन में अमला खेडा, डाक, थल डबली, दौलपुर वास, अनादरा, हडमतिया सडक मार्ग का पर झाडी कटिंग का कार्य करवाया गया है। मानसून पूर्व सभी सडकों का मरम्मत कार्य करवाना जाएगा। वही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमानुसार सडकों का कार्य किया जाएगा।

### जोगेश्वर गर्ग ने कलैक्टर को पत्र लिखा

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे को पत्र लिखकर जिले की चिकित्सा व्यवस्था को सुलभ एवं गुणवतापूर्ण बनाने के लिए निर्देशित किया। विधायक गर्ग को चिकित्सा सेवा बेहतर बनाने के लिए जिला कलैक्टर को पत्र लिखना पड रहा है। जबकि वे स्वयं भाजपा सरकार में मुख्य सचेतक है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध जांच उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता, आपात्कालीन परिस्थितियों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध 104 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की फिटनेस एवं कार्यशीलता संबंधी समीक्षा नियमित रूप से करें।

### जालोर में राखी राठौड का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड के जालोर के एक दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को होटल गिटको के पास महिला मोर्चा जालोर की सह संयोजक विमला विश्नोई के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड का चार बजे का जालोर पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन वे शाम करीब सात बजे जालोर पहुंची। गिटको होटल के पास भाजपा महिला मोर्चा की सह संयोजक विमला विश्नोई के नेतृत्व में स्वागत किया गया। महिलाओं की संख्या कम नजर आई। भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ता अधिक मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल मेघवाल, भूरसिंह देवकी, पूर्व जिला परिषद सदस्य मेघराज चौधरी, दिनेश बारोट सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गुड़ामालानी नगर पालिका में शिविर लगा

**गुड़ामालानी**, (निसं)। नगर पालिका गुडामालानी में शहरी सेवा शिविर के पांचवे दिन वार्ड संख्या 5-6 का शिविर पालिका कार्यालय मे किया गया । जिसमें शिविर नोडल अधिकारी सुरेश कुमार जीनगर अधिशाषी अधिकारी के निदेशानुसार की शिविर के दौरान 69-ए पट्टा के लिए एक, जन्म-मृत्यू पंजीयन के 10 आवेदन निस्तारण हुए पालिका द्वारा आवेदन को हाथो हाथ निस्तारण किया। शिविर प्रभारी सुनिल विश्नोई कनिष्ठ सहायक भैरू सिंह एवं श्रीराम, सुरेन्द्र पाल शर्मा इत्यादि ऊर्जा विभाग, पी.एच.ई.डी., चिकित्सा, पी.डब्ल्यू.डी, रसद इत्यादि विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में संतोषी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिली

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर 2026' आमजन के लिए राहत का माध्यम बनता जा रहा है।

ग्राम पंचायत इटन्दरा चारणान (ब्लॉक रानी) में आयोजित शिविर में इसका एक वाक्या देखने को मिला। संतोषी देवी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण अठोषित किए जाने के बाद विकास अधिकारी ने मौके पर ही पेंशन स्वीकृत कर दी। शिविर के दौरान विधायक केसाराम चौधरी ने लाभार्थी को पीपीओ प्रदान किया। पेंशन स्वीकृत होने से संतोषी देवी के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने बताया कि यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत है और अब उन्हें जीवनयापन में आर्थिक सहारा मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार एवं शिविर में कार्यरत अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर लाभ प्राप्त हुआ। इसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री व सरकार का धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा अनेक प्रकार के कार्यों का निष्पादन कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित सेवा शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

शुक्रवार 19 जून को पाली उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मणिहारी, रोहट के कलाली, सोजत के गुडा रामसिंह, मारवाड़ जंक्शन के बोरनडी व धुंधला, देसूरी के ढालोप, रानी के चांचाड़ी व इटन्दरा चारणान, बाली के बारवा एवं सुमेरपुर के लापोद में सेवा शिविर आयोजित किए गए।

20 जून को पाली उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनाईमांझी में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सोमवार, 22 जून पाली उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दयालपुरा, रोहट के धोलेरिया शासन, सोजत के गुडा बीजा, मारवाड़ जंक्शन के देवली आउवा व धनला, देसूरी के गुडा जाटान, रानी के भादरलाउ व इन्दरवाड़ा, बाली के काकराड़ी व सेवाड़ी एवं सुमेरपुर के साण्डेराव में सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार, 23 जून पाली उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूपावास, रोहट के सिणगारी, सोजत के केलवाद, मारवाड़ जंक्शन के दूदौड़, देसूरी के दुदापुरा, रानी के किशनपुरा, बाली के खेतरली एवं सुमेरपुर के दुजाना में सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री आज नेतरा गांव आएंगे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सुमेरपुर व नेतरा गांव के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को दोपहर 12:20 बजे डबोक एयरपोर्ट उदयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:50 बजे नेतरा सुमेरपुर हैलीपेड पर पहुंचेंगे वे यहां से 12:55 बजे प्रस्थान कर दोपहर एक बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेतरा पहुंचेंगे जहां वे ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन करेंगे तथा दोपहर 1:25 बजे शिविर स्थल नेतरा से प्रस्थान कर 1 बजकर 35 मिनट पर टॉउन हॉल सुमेरपुर पहुंचेंगे जहां वे शहरी सेवा शिविर का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री का दोपहर 2:35 से 3:40 बजे का कार्यक्रम रिजर्व रहेंगा। वे दोपहर 3:45 बजे से 05:15 बजे तक पीएम किसान उत्सव दिवस राज्य स्तरीय समारोह सुमेरपुर टॉउन हॉल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे।

वे सायं 5:30 बजे टॉउन हॉल से प्रस्थान कर 5:40 बजे नेतरा हैलीपेड पहुंच हैलीपेड पोलो ठाउण्ड आबूराज के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# जोधपुर में बालमुकुंद बिस्सा की पुण्यतिथि मनाई

**जोधपुर**, (कासं)। मारवाड स्वतंत्रता आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान देने वाले जननायक अमर शहीद बालमुकुंद बिस्सा की 84वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार 19 जून को सुबह 9 बजे जालोरीगेट स्थित बिस्सा सर्किल पर सादगी पूर्वक पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं आगंतुकों ने बिस्सा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

संस्था के गोल्डी बिस्सा व सुरेश बिस्सा ने बताया कि कार्यक्रम में वेदज्ञ पं. विजयदत्त पुरोहित द्वारा स्वस्तिवाचन, शांति का पाठ कर एवं मंत्र पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि बिस्साजी का उल्लेख अनेक पुस्तकों में आज भी विद्यमान है। जिससे विद्यार्थी उनके जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे है। स्वाधीनता आंदोलन एवं मारवाड में उत्तरदायी शासन के लिए किये जा रहे संघर्ष में उनकी भूमिका अतुलनीय है, उनके बलिदान की घटना को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने बिस्सा को पुष्करणा समाज का गौरव बताते हुए कहा कि 1942 में सामन्तशाही अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष कर रहे थे, उनके निधन पर नेशनल हेराल्ड ने लिखा कि जोधपुर में एक प्रथम श्रेणी की दुखांतिका घटी है जो उस समय वहां व्याप्त कटूता को ज्यादा बढाया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बिस्साजी की अहम भूमिका को हजारों सालों तक याद किया जाएगा।

इतिहासकार प्रो. डॉ. एस.पी. व्यास ने अमर शहीद बालमुकुंद बिस्सा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। पुष्पांजलि पश्चात् सेवा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जीव दया व मानव सेवा के तहत गरीबों में भोजन के पैकेट वितरण, गौशाला में चारा वितरण तथा अनाथालय में फल व बिस्किट वितरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गौडीजी स्कूल में ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी कला का प्रशिक्षण शुरू

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद जालौर द्वारा शहर के राबाउमावि, गौडीजी स्कूल में सात दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित कर 45 महिला एवं बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी कला का प्रशिक्षण देने का कार्य कर महिलाओं की आत्म निर्भरता के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ किया।

शिविर प्रभारी परिषद महिला शाखा संयोजक सीता सुन्देशा ने बताया कि शिविर में श्रीमती कविता शर्मा द्वारा उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दीप प्रज्वलन के पश्चात शिविर को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड सीओ सवाई सिंह राठौड द्वारा इसे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य बताया। प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता मधु शेखावत ने बताया कि शिविर के माध्यम से महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं सीखे हुए कौशल इनके जीवन में उपयोगी साबित रहेंगे।

शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा द्वारा इससे स्थानीय स्वरोजगार एवं नए स्टार्ट अप को बढावा देने वाला कार्यक्रम बताते हुए शिविर में आर्ट एंड क्राफ्ट, सिलाई कला, पेंटिंग, इत्यादि विषयों पर भी आगे के दिवसों में प्रशिक्षण देने की बात कही। सचिव शांतिलाल सोनी ने बताया कि परिषद हर साल ऐसे निशुल्क कैंप लगाता रहता है जिस शहर की मातृ शक्ति को आत्म निर्भर होने में मदद मिलती है।कार्यक्रम में मंच संचालन सविता परमार ने किया। प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता मधु शेखावत, अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा सचिव शांतिलाल सोनी, शाखा महिला संयोजक सीता सुंदेशा, सविता परमार, सहित कई जने उपस्थित रहे।

### मोखोलाई नाडी पर कार्यक्रम हुआ

**फलोदी**, (निसं) । उरमुल सीमांत समिति बज्जू द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित जलधारा परियोजना का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को ग्राम पंचायत मोखेरी की मोखोलाई नाडी पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फलोदी विधायक पबाराम विश्नोई, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं परियोजना निदेशक अशोक भाटी ने फीता काटकर किया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि उरमुल सीमांत समिति का समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने का अनुभव सराहनीय है। मोखोलाई नाडी पर हुए कार्यो को देखकर यह स्पष्ट होता है कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के क्षेत्र में बडे बदलाव संभव हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यो को अन्य गांवों के तालाबों और नाडियों तक विस्तार देने की आवश्यकता है तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक पबाराम विश्नोई ने तालाबों और नाडियों से जुडे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमावस्या, पूर्णिमा, ग्यारस और बाबे की बीज जैसे अवसरों पर ग्रामीण नि:स्वार्थ भाव से जल स्त्रोतों की सफाई और मिट्टी निकालने का कार्य करते थे।

# बालोतरा प्रदूषण नियंत्रण मंडल में विवाद से तनाव

बालोतरा, (निसं)। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के बालोतरा क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को ट्रस्ट प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच हुए विवाद के बाद पूरे शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटना को लेकर विभिन्न पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं, हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक रूप से विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, बिठूजा ट्रस्ट के पदाधिकारी और छोटे व्यापारी बंद पडी औद्योगिक इकाइयों को दोबारा शुरू कराने तथा कार्रवाई प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग को लेकर प्रदूषण बोर्ड कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान अधिकारियों और प्रतिनिधियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद बढने पर कार्यालय परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। कुछ लोगों का आरोप है कि सुरक्षा कर्मियों ने ट्रस्ट प्रतिनिधियों को कार्यालय से बाहर निकाल दिया, जबकि अधिकारियों का कहना है कि कुछ लोग बिना अनुमति कार्यालय में प्रवेश कर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे। घटना के बाद बाजार और औद्योगिक क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। सूत्रों का दावा है कि बंद इकाइयों को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच लंबे समय से असंतोष का माहौल बना हुआ है। छोटे व्यापारियों का कहना है कि उद्योग बंद होने से उनके रोजगार और आजीविका पर असर पडा है। हालांकि, इन चर्चाओं और दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले को लेकर प्रदूषण नियंत्रण मंडल, ट्रस्ट प्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि संवेदनशील मुद्दों का समाधान संवाद और नियमों के दायरे में रहकर ही संभव है। ऐसे में प्रशासन और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करना समय की मांग है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जीएएन पीयूष गोयल ने कहा कि फैक्ट्री संचालकों ने बताया कि वे इकाइयों को शुरू कर रहे हैं। बोर्ड की ओर से मना करने के बावजूद वे जोर दे रहे थे, जिसके चलते हल्की नोकझोंक की स्थिति बन गई।

# बालोतरा में पौधारोपण किया

**बालोतरा**, (निसं)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर राष्टीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा एमबीआर महाविद्यालय, बालोतरा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल चौधरी ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### कालंद्री में वार्षिकोत्सव मनाया

**रेवदर**, (निसं)। घांची समाज शिक्षा सेवा समिति रामसीन परगना श्री शनिधाम मंदिर का 11 वॉ वार्षिकोत्सव व श्री शनैश्वर महादेव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। गुरुवार रात विशाल भजन संध्या हुई। शुक्रवार सुबह भव्य शोभायात्रा महाआरती का आयोजन हुआ साथ ही अमर ध्वजारोहण शनिधाम मंदिर शिखर पर किया गया।

### शिविर में रम्भा देवी को दी राहत

**जालोर**, (कासं)। सांचौर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत करावड़ी में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर में स्थानीय निवासी रम्भा देवी की पेंशन संबंधी समस्या का समाधान हुआ। लाभार्थी रम्भा देवी ने बताया कि उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन किसी कारणवश पिछले दो वर्षो से बंद थी, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविर में पेंशन संबंधी समस्या से शिविर प्रभारी को अवगत करवाया। जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिकों को पेंशन पुः शुरू करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

ग्राम पंचायत पुनासा के शिविर में गेरा देवी को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पॉलिसी जारी की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के फलस्वरूप उनके पशुधन का बीमा सफलतापूर्वक किया गया। भीनमाल उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया, तहसीलदार भीखदान, नायब तहसलीदार मीठाराम, ब्लॉक विकास अधिकारी राजकुमार, डॉ. ज्योत्सना राठौड़, विरमाराम उपस्थित रहे।

# हीरो मोटोकॉर्प की सुपर स्प्लेंडर 2.0, 125 को नया अपग्रेड मिला

**फलोदी/जोधपुर**, (का.सं.)। मवसे बेहतरीन कम्प्यूटर मोटरसाइकिल को अब एक बड़ा अपग्रेड मिल गया है। दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, हीरो मोटोकॉर्प ने आज नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 लॉन्च की है। पसंदीदा कम्प्यूटर मोटरसाइकिल है। कंपनी की उत्पादों में नयापन लाने की रणनीति के तहत तैयार की गई यह नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 रोज़मर्रा के सफर को और बेहतर बनाने के लिए बनाई गई है। इसमें शानदार टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स, माइलेज में बड़ा सुधार और आज के प्रगतिशील राइडर्स की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया एक बोल्ड और आधुनिक डिज़ाइन दिया गया है।

माल 1994 से भारत के करोड़ों राइडर्स को सफर का सहारा देने वाले स्प्लेंडर के भरोसेमंद नाम और विरासत पर बनी, नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 को उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो आधुनिक सुविधाओं और अगली पीढ़ी के टेक फीचर्स के साथ-साथ भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहते हैं।

इस लॉन्च के मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत डीलर जनता ऑटोमोबाइल्स के प्रोपराइटर सुलेमान और साथ ही मुख्य अतिथि नरेश व्यास (किसान संघ संभाग अध्यक्ष), शिवकुमार नेता (अध्यक्ष फलोदी शहर मंडल) भंवरलाल टरु, दिनेश कुमार पुरोहित (मम्सा), गिरधर थानवी, प्रेमकुमार व्यास, हाजी इलाम्दीन, सुरेकुमार बोहरा, कमल बोहरा ने कहा कि "हीरो मोटोकॉर्प की ऑल-न्यू सुपर स्प्लेंडर ने पिछले तीन दशकों से भी ज़्यादा समय से करोड़ों ग्राहकों को भरोसा, बेहतरीन परफॉर्मेंस और रोज़मर्रा की विश्वसनीयता देने की एक मजबूत विरासत बनाई है। नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 एक बोल्ड व आधुनिक डिज़ाइन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और बेहतर सुविधा वाले फीचर्स के साथ इसी बादे को आगे बढ़ाती है। अपने भरोसेमंद परफॉर्मेंस, रोज़मर्रा की उपयोगिता और शानदार राइडिंग अनुभव के साथ, सुपर स्प्लेंडर 2.0 इस सेगमेंट में हीरो मोटोकॉर्प की बादशाहत को और मजबूत करेगी, साथ ही अपने ठााहकों को बेहतरीन वैल्यू देने के हमारे बादे को भी पूरा करेगी।"

### आधुनिक स्टाइलिंग व नई पहचान

एक नई विजुअल पहचान के साथ, ऑल-न्यू सुपर स्प्लेंडर 2.0 अपने क्लासिक डिज़ाइन में एक शानदार और आधुनिक आकर्षण लेकर आई है। इसके जीवंत रंग और डायनेमिक ड्यूल-टोन बॉडी ठााफिक्स मोटरसाइकिल के डिज़ाइन में एक नई ऊर्जा भरते हैं। इस नए वेरिएंट में सिग्नेचर 2.0 बैजिंग, एक अलग और प्रीमियम 3 एम्ब्लम, स्टाइलिश सिलाई वाली ड्यूल-टेक्सचर्ड सीट और आकर्षक रिम टेप दिए गए हैं-जो मड़क पर इसे एक दमदार और प्रीमियम लुक देते हैं।

### हतर परफॉर्मेंस व सबसे बेहतरीन माइलेज

ऑल-न्यू सुपर स्प्लेंडर 2.0 के दिल में एक भरोसेमंद और बेहद कुशल 124.7 का सिंगल-सिलेंडर इंजन है, जो 7500 पर 10.7 की पावर और 6000 पर 10.6 का टॉर्क जनरेट करता है। रोज़ाना के सफर को आसान और आरामदायक बनाने के लिए ट्यून की गई यह मोटरसाइकिल, सवारी के हर हालात में शानदार रफ़्तार, भरोसेमंद राइडिंग का अनुभव और शानदार परफॉर्मेंस देती है। सबसे बड़ी खूबी इसका 72 का माइलेज है, जो अपनी कैटेगरी में सबसे बेहतरीन है।

### स्मार्ट टेक्नोलॉजी से सुरक्षित सफर

रोज़ाना के सफर में सुरक्षा और राइडर के भरोसे को और बढ़ाने के लिए, ऑल-न्यू सुपर स्प्लेंडर इस मीरीज़ में पहली बार सेगमेंट-फर्स्ट हैज़र्ड लाइट्स लेकर आई है। अलग-अलग

■ फलोदी में कार्यक्रम आयोजित

तरह की सड़कों पर बेहतर कंट्रोल और दमदार ब्रेकिंग के लिए इस मोटरसाइकिल में फ्रंट डिस्क ब्रेक दिया गया है।

### स्मार्ट कनेक्टिविटी व रोज की सुविधा

ऑल-न्यू सुपर स्प्लेंडर 2.0 में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो राइडर्स को सफर के दौरान भी हर जानकारी से जोड़े रखता है। रोज़ाना के कम्यूट को और आसान बनाने के लिए डिज़ाइन इस कंसोल (स्क्रीन) पर आपको इनकमिंग कॉल अलर्ट, एसएमएस नोटिफिकेशन, मिस्ड कॉल अलर्ट, कॉलर आईडी और फोन की बैटरी का स्टेटस दिखाई देता है। इस मोटरसाइकिल में हीरो मोटोकॉर्प का रीयल टाइम माइलेज इंडिकेटर और लो-फ्यूल इंडिकेटर भी मिलता है, जो राइडर को हर समय पेट्रोल की खपत और माइलेज की सटीक जानकारी देता है। आज के समय के कनेक्टेड राइडर्स की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए, इसमें 2 एम्पियर का यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट भी जोड़ा गया है, ताकि सफर के दौरान बातचीत या नेविगेशन के लिए आपका स्मार्टफोन हमेशा डिज़ाइन किया गया है। इसके चौड़े, सीधे हैंडल और आरामदेह सिटिंग पॉस्चर (बैठने के तरीके) की वजह से शहर की सड़कों या हाईवे पर लंबी राइड के दौरान भी थकावट बहुत कम होती है। इसकी लंबी और आरामदायक सीट पर राइडर और पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए काफी जगह मिलती है। साथ ही, इसका बढ़िया टेलिस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी झटकों को सोखकर एक संतुलित और आरामदायक सफर देता है। इसके अलावा, पीछे बैठने वाले की सुरक्षा के लिए एक मजबूत और चौड़ा ठाय रेल दिया गया है, जो गड्ढों वाले रास्तों पर भी बेहतर पकड़ और सहारा देता है।


**कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव, जैसलमेर**

क्रमांक-एफ()स्टोर/उवसंवजीजै/2026/3167 दिनांक-19.06.2026

**निविदा सूचना सं. 10/2026-27 एवं 11/2026-27**

इस कार्यालय अधीन रेंज में विभिन्न सामग्री क्रय करने हेतु जारी निविदा का प्रकाशन दिनांक 18.06.2026 को राजकीय वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in/ एवं https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर अपलोड कर दिया है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है-

NIB CODE- FOR2627A0568, FOR2627A0569

UBN NO.- FOR2627SSOB00691, FOR2627SSOB00692

उप वन संरक्षक
वन्यजीव, जैसलमेर



**कार्यालय नगर पालिका जसोल, जिला बालोतरा (राज.)**

Email – npjasol2025@gmail.com

Adress : मॉं माजीसा मन्दिर के पास, जसोल जिला बालोतरा

क्रमांक : न.पा.ज./ऑनलाईन सेवा/2026/751 दिनांक : 11.06.2026

**भवन निर्माण स्वीकृती एतराज नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सीमा क्षैत्र में निम्नांकित पत्रावलियां भवन निर्माण स्वीकृती हेतु प्राप्त हुई है:-

| क्र.सं. | पत्रावली संख्या | प्रार्थी का नाम | पता | वर्ग गज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NPJASL/2025-26/BPAS/4 | श्रीमती शोभा देवी पत्नि श्री जिनेश कुमार | जसोल | 564.16 | आवासीय |

उपरोक्त पत्रावलियों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को एतराज हो तो 7 दिवस के भीतर अपना एतराज नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 दिवस के उपरांत किसी प्रकार का एतराज मान्य नहीं होगा तथा पालिका द्वारा भवन निर्माण स्वीकृती की कार्यवाही की जायेगी।

राज.संवाद/सी/26/5153 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर (राज.)**

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.पा.सां./2026/1580 दिनांक : 15.06.2026

**-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-**

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्पतियों के नामान्तरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या/वर्ष | भू. सं. | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरपतभाई माली पुत्र श्री चुना राम जाति माली | श्री अवध विहार कॉलोनी सांचौर | 169/2026 | नामान्तरण | 774/2024 | 04 | 166.66 |
| 2 | श्री पार्श्व नागेश्वर जीनालया समिति, सांचौर हस्ते अध्यक्ष शान्तिलाल पुत्र श्री छोगालाल जी दोशी | डोसियावास, पिपलीचौक सांचौर | 170/2026 | नामान्तरण (मिश्रित) | 08/2021 | – | 57.78 |
| 3 | १. शान्तिदेवी पत्नी श्री किशनलाल एवं २. किशनलाल पुत्र श्री अर्जुनराम जातियान विश्नोई | सुरभि नगर कॉलोनी सांचौर | 171/2026 | नामान्तरण | 461/2009 | 75 | 138.88 |
| 4 | किशनलाल पुत्र श्री अर्जुनराम विश्नोई | सुरभि नगर कॉलोनी सांचौर | 172/2026 | नामान्तरण | 125/2008 | 68 | 166.66 |
| 5 | सोनाराम पुत्र श्री सांवताराम जाति जीनगर | इन्द्रा कॉलोनी सांचौर | 173/2026 | नामान्तरण | 22/1974 | – | 150.00 |
| 6 | पारसमल पुत्र श्री नारायणलाल जी जाति सोनी | श्री गुरू राजेन्द्र नगर कॉलोनी सांचौर | 174/2026 | नामान्तरण | 2077/2011 | 101 | 166.66 |
| 7 | पारसमल पुत्र श्री नारायणलाल जी जाति सोनी | श्री गुरू राजेन्द्र नगर कॉलोनी सांचौर | 175/2026 | नामान्तरण | 2878/2011 | 102 | 166.66 |
| 8 | सविता देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार जी ओसवाल | शान्ति नगर कॉलोनी सांचौर | 176/2026 | नामान्तरण | 44/1997 521/1990 225/1997 | – | 133.71 |
| 9 | सांवरी पत्नी श्री विक्रम कुमार जाति विश्नोई | मंगलदीप कॉलोनी तृतीय सांचौर | 177/2026 | नामान्तरण | 4851/2019 | 09 | 166.66 |
| 10 | बुद्धाराम विश्नोई पुत्र श्री गोकलाराम विश्नोई | रमेश कॉलोनी के पास सांचौर | 178/2026 | नामान्तरण | 2183/2014 | – | 166.66 |

राज.संवाद/सी/26/5284 अधिशाषी अधिकारी